# 'हरीश' नहीं 'भाजपा', सपा नहीं 'राम प्रसाद' लड़ 'रहे'

## एक का आधार राष्ट्रवाद और दूसरे का आधार जातिवाद भगवान तेरा सहारा की जगह कुर्मी तेरा सहारा

❖ चौधरी अंतिम इच्छा से लोकसभा पहुंचकर मोक्ष प्राप्त करना चाहते ❖ हरीश द्विवेदी उस सेना के बल पर हैटिक लगाना चाह रहे, जो अधिक विश्वसनीय नहीं ❖ न अखिलेश यादव लड़ रहें हैं, और न उनकी पार्टी लड़ रही भगवान तेरा सहारा की जगह कुर्मी तेरा सहारा ❖ भाजपा में हरीश द्विवेदी नहीं बल्कि मोदी और योगी की सेना लड़ रही ❖ नया चावल और पुराने चावल का अंतर कहीं भाजपा को नुकसान न पहुंचा दें ❖ अभी तो राजनैतिक भाप बन रहा, कुकर की सीटी तो बाद में बजेगी

तेजयुग न्यूज़

**बस्ती।**....यह सही है, कि हरीष द्विवेदी नहीं बल्कि मोदी और योगी की सेना लड़ रही है। यह भी कहना गलत नहीं होगा कि हरीश नहीं भाजपा लड़ रही हैं। ठीक इसी तरह सपा नहीं रामप्रसाद चौधरी लड़ रहे है। अंतिम इच्छा से लोकसभा जाकर मोक्ष प्राप्त करना चाहते हैं, न अखिलेश यादव लड़ रहें हैं, और न उनकी पार्टी ही लड़ रही, भगवान तेरा सहारा की जगह कुर्मी तेरा सहारा।

इसी तरह हरीश जिस सेना के बल पर हैटिक लगाने की तैयारी कर रहे हैं, वह अधिक विश्वसनीय नहीं है। इन्हें ऐसे नेताओं को तरजीह देना चाहिए, जिनका सामाजिक और राजनीतिक विश्वसनीयता का महत्व हो। उसी तरह राम प्रसाद चौधरी को भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को साथ में लेकर चलना चाहिए, न कि रात्रि और भोर में अकेले, यह ऐसे समय प्रचार के लिए निकलते हैं, जब नेता घर से निकलने की तैयारी कर रहे होते हैं, तब तक चैधरी साहब दस-पांच गांव से संपर्क कर घर वापस आ जाते है। ताकि विपक्ष जाने की यह निष्क्रिय हैं। यह इनकी रणनीति का एक हिस्सा रहा है। यह भी सही है, इस बार यह अपना सबकुछ दांव पर लगाने/झोंकने में पीछे नहीं हटेंगे, इसे यह अपना अंतिम चुनाव मानकर फतह करने की तैयारी में रात-दिन एक किए हुए हैं, तबियत खराब होने के बावजूद यह कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

**तेजयुग स्पैशल खबर**

इनके और इनके परिवार के सामने यह चुनाव 'करो' या 'मरो' जैसा माना जा रहा हैं। अगर पार्टी के तीनों विधायक उसी तरह काम करें, जिस तरह चौधरी साहब कर रहे हैं, तो लड़ाई बहुत करीब रहेगी, और परिणाम सकारात्मक भी हो सकता है। नाराज कार्यक्रर्त्ताओं को भी सारे गिले शिकवे भूलकर चुनाव में लग जाना चाहिए। इनके विधायकों में जो निराषा दिख रही है, उसे उन्हें आषा में बदलना होगा। यह भी सही है, कि अभी तो राजनैतिक भाप बन रहा है, कुकर की सीटी बजनी बाकी हैं।

भले ही चाहें यह चुनाव मोदी और योगी की सेना लड़ रही है, लेकिन लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि हरीश द्विवेदी राजनीति के एक मंझे हुए खिलाड़ी है। पिछले दो चुनाव ने इन्हें सिखा दिया कि चुनाव कैसे जीता जाता है, और फिर इनके पास राष्ट्रीय राजनीति का अनुभव है। भले ही चाहें यह लोगों की पहली पसंद न हो, मगर इनके अंदर से अभी जीत की भूख कम नहीं हुई है, और जिसके साथ में मोदी-योगी-राम हो उसे चिंतित होने की क्या आवश्यकता। बसपा के पत्ता खोलने के बाद ही पता चलेगा कि उंट किस करवट बैठेगी। यादव और कुर्मियों का युद्व पुराना हैं, दोनों एक दूसरे को पचा नहीं पाते। रही बात मुस्लिम की, पशमांदा, पिछड़ा और मजदूर तबका मोदी के साथ होता दिख रहा हैं मुस्लिम क्षत्रप न मोदी के साथ और न सपा के साथ। यह जो भाजपा को हराएगा उसके साथ है। हालांकि बिहार जातिवादी प्रेत छाया उत्तर प्रदेष पर भी है, फिर भी यहां का मतदाता कम बिकाउ है। यह भी कहा जा रहा है, कि नये चावल व पुराने चावल का अंतर कहीं भाजपा को नुकसान न पहुंचा दे। क्यों कि नये साथी और नया चावल दोनों नुकसानदेय होता है। सपा में भी कोई वैचारिक लड़ाई नहीं दिख रही है। विपक्ष के पास जातीय पक्ष मजबूत दिखाई दे रहा है।



# रोजगार सेवकों ने एपीओ के खिलाफ बैठक कर जताया विरोध

तेजयुग न्यूज़

**मिल्कीपुर/अयोध्या :** अमानीगंज ब्लाक में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी की कार्यशैली से नाराज चल रहे ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लाक अध्यक्ष पंकज कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संत श्री भीखा दास बाबा तपोस्थली मोहली के प्रांगण में बैठककर एपीओ पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराया है। संचालन कर रहे रोजगार सेवक बहबरमउ सुनील कुमार ने बैठक में निम्न प्रस्ताव के बारे में बताया और

▸▸ अमानीगंज में तैनात हुए 3 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं जबकि शासनादेश है कि चुनाव के पहले 3 वर्ष से जमे हुए अधिकारियों को हटाया जाएगा

कहा कि विकास खण्ड अमानीगंज में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अपने व्यक्तिगत लाभ हेतु सभी रोजगार सेवकों को हैरान व परेशान किया करते है और कई रोजगार सेवकों का बार-बार एम एम एस चेंज कर देते हैं। विकासखंड में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया करते हैं।

उन्होंने कहा कि अमानीगंज में तैनात हुए 3 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं जबकि शासनादेश है कि चुनाव के पहले 3 वर्ष से जमे हुए अधिकारियों को हटाया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक महामंत्री देवेंद्र कुमार तिवारी, ब्लॉक प्रभारी पन्नालाल, सूरज सिंह, राजकरन, समर बहादुर सिंह, गौरव उपाध्याय, दिलदार अली, राम लुटावन, रुचि पांडे, सारिका सिंह आदि सहित विकास खण्ड के समस्त रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# रालोद एनडीए प्रत्याशी को जिताने में पूरी तन्मयता से लगी : सुड्डू

तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या :** राष्ट्रीय लोकदल पूरे उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा उक्त आशय का निर्णय कल रालोद की प्रदेश कार्य समिति लखनऊ में हुई बैठक में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए रालोद के प्रदेश महासचिव विश्वेष नाथ में सुडडू मिश्रा ने बताया की रालोद बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट अपने सिंबल पर लड़ेगी शेष प्रदेश की सभी सीटों पर एनडीए गठबंधन को जीताने का कार्य करेगी फैजाबाद जनपद में राष्ट्रीय लोक दल भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार सांसद लल्लू सिंह को जीताने के लिए रालोद कार्यकर्ता तन मन धन से प्रयास करेंगे और अपने झंडा बैनर और नीतियों को लेकर गांव गांव जाकर के एनडीए



गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील करेंगे।

रालोद की जिला कमेटी की बैठक 12 मार्च को बुलाई गई है जिसमें सारी बातें और चुनावी रणनीति पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह से हुई दूरभाष पर वार्ता के क्रम में श्री सुडडू मिश्रा ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्पष्ट आदेश है की समस्त कार्यकर्ता एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने का कार्य करें इसी संबंध में लल्लू सिंह का समर्थन राष्ट्रीय लोकदल फैजाबाद अयोध्या में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेगा। एक्ट्रेस सर्टिफिकेट लखनऊ के प्रदेश कार्य समिति की बैठक में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देने के लिए आभार भी व्यक्त किया गया।

## शव पहुंचते ही घर पर मचा कोहराम, पत्नी व बच्चों का रोरोकर बुरा हाल

**आलापुर अंबेडकर नगर।** बीती रात अकबरपुर थाना क्षेत्र के टांडा बांदा नेशनल हाईवे पर सम्मोपुर गांव के निकट निजी बस के पलटने से विकास खण्ड जहांगीरगंज अंतर्गत ग्राम करौंदी मिश्र के युवक की हुई मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मालूम परिजनों के जहाँ आँसू थम नहीं रहे हैं वहीं गाँव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। बीती रात नौ बजे आजमगढ़ से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी इसमें विभिन्न जगहों के 26 लोगों के घायल होने के बीच राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के करौदी मिश्र गांव निवासी 42 वर्षीय रामसेवक प्रजापति पुत्र श्रीपति प्रजापति के मौत होने की पुष्टि हुई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव जब घर पहुंचा तो परिवार वालों का करुण कुरुंदन देख हर किसी की आंखे नम हो गई।मृतक की लोकप्रियता को लेकर गांव में गमगीन माहौल हो गया। थानाध्यक्ष विजय तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।


# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर धाम चैरिटेबल ट्रस्ट ने आयोजित किया सम्मान समारोह

तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहर के मोती बाग स्थित आभा होटल के सभागार में एक परिचर्चा व सम्मान समारोह कार्यक्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा के संयोजन में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि कथा वाचक व अखिल भारतीय कौशल्या महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री डॉक्टर सुनीता शास्त्री विशिष्ट अतिथि डॉक्टर गरिमा सिंह व महिला थाना अध्यक्ष मंजू देवी, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य मीनू कपूर, डॉक्टर स्वदेश मल्होत्रा, साहित्यकार तथा के टी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम सिंह, ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण तथा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट की उपाध्यक्ष व संयोजक भारती सिंह, एडवोकेट कोषाध्यक्ष एकता टंडन, सचिव पूनम शर्मा, आरती शुक्ला, निशि पुरी ने अतिथियों को पटका पहनकर तथा स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। अयोध्या की जानी-मानी कथा वाचक डॉक्टर सुनीता शास्त्री नर उत्तर प्रदेश के एकमात्र सहकारी अखबार दैनिक जन मोर्चा की संपादक डॉ सुमन गुप्ता को पटका वह सफा पहन कर तथा स्मृति चिन्ह देकर नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व पुरुषों ने खड़े होकर ताली बजाकर जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। डॉक्टर शास्त्री ने कहा कि महिलाएं अपने आर्थिक स्वावलंबन राजनीतिक भागीदारियों व सामाजिक विकास के लिए आवश्यक विभिन्न कारकों पर पहुंचना व नियंत्रण प्राप्त करती हैं अपनी शक्ति व संभावनाओं क्षमताओं वी योग्यताओं तथा अधिकार व जिम्मेदारियां के प्रति जागरूक होती हैं। उन्हें पुरुषों के बराबर खड़ा होने में मदद करने की आवश्यकता है।



विशिष्ट अतिथि ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहन अलका दीदी वह डॉक्टर गरिमा सिंह ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा से उसका शोषण रोकने में सहायता मिलेगी। महिला थाना अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि महिलाएं शिक्षित हो तो वह अपने घरों की सभी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। आर्य कन्या इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य मीनू कपूर डॉक्टर सतीश मल्होत्रा साहित्यकार शाहिद शोध संस्थान के अध्यक्ष सूर्यकांत पांडे श्रीमती गर्म गौतम पूर्व पुलिस अधीक्षक प्रीतम सिंह साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर सीताराम अग्रवाल ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष एकता टंडन ने मुख्य रूप से संबोधित किया कार्यक्रम में कवित्री वर्मा कवित्री अर्चना द्विवेदी कवित्री सुनीता पाठक कवित्री विनीता कुशवाहा ने अपने कविताओं से लोगों का मन मुग्ध कर दिया। अध्यक्षता कर रही के टी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य व ट्रस्ट की संरक्षक पूनम सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन करके महिलाओं को हाथ बल प्राप्त होता है। संचालन ट्रस्ट की उपाध्यक्ष व संयोजक भारती सिंह एडवोकेट ने किया। आये हुए लोगों का आभार ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने किया। इस अवसर पर शामिल होने वालों में ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य, कोषाध्यक्ष एकता टंडन, उपाध्याय सचिन सरीन, उपाध्यक्ष मंजूर खान, सचिव पूनम शर्मा, आरती शुक्ला, कंचन राठौर, निशि पुरी, अजय श्रीवास्तव, उमेश चंद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सम्पर्क व संवाद से करें सरकारी योजनाओं की चर्चा : सांसद लल्लू सिंह

## विधानसभा अयोध्या के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं की हुई बैठक, बूथ प्रबंधन को लेकर आयोजित की गई बैठक

▸▸ बैठक में लोक सभा के संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से वृत्त लिया

▸▸ बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं व विकास को अयोध्या के हर व्यक्ति ने महसूस किया है

▸▸ हम सभी की भी जिम्मेदारी कि देश में सर्वाधिक मतों से अयोध्या के चुनाव में विजय प्राप्त हो




तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या :** विधानसभा अयोध्या के महानगर, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग व शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजकों व अन्य पदाधिकारियों की कार्यकर्ता बैठक कौशलपुरी स्थित सुरेन्द्र लॉन में आयोजित की गई। लोक सभा चुनाव में बूथ प्रबंधन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह का 51 किलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में लोक सभा के संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से वृत्त लिया।

बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं व विकास को अयोध्या के हर व्यक्ति ने महसूस किया है। कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क अभियान चलाएं। सम्पर्क व संवाद के जरिए सरकार की योजनाओं की चर्चा करें। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या नगरी है। यहां का अद्वितीय विकास हो रहा है। हम सभी की भी जिम्मेदारी कि देश में सर्वाधिक मतों से अयोध्या के चुनाव में विजय प्राप्त हो। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अयोध्या चुनाव पर पूरे विश्व की निगाहें लगी है। इस बार जीत बहुत बड़े अंतर से हो इस संकल्प के साथ हम सभी को कार्य करना है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बूथ जीतेंगे तथा चुनाव जीतेंगे। चुनाव जीतने का मूल मंत्र बूथ प्रबंधन है।

सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी बूथ स्तर के कार्यकताओं व पन्ना प्रमुख से लगातार सम्पर्क में रहें। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों से लगातार जनता से सम्पर्क व सवांद करते रहें। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि कमजोर व हारे हुए बूथों पर विशेष सम्पर्क अभियान चलाया जाए। जो बूथ पिछले चुनाव में जीते थे वहां जीत के अंतर को और बढ़ाना है। पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने कहा कि पिछले चुनाव से जीत के अंतर और बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं।

बैठक में लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, सहसंयोजक ओम प्रकाश सिंह, जिपंअ रोली सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, शक्ति सिंह, विधान सभा प्रभारी अशोक कसौंधन, विधान सभा संयोजक रमापति पाण्डेय, जयनारायण सिंह रिंकू, अनुज दास, विजय गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, आशा गौड़, बसंती सिंह, अशोका द्विवेदी, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, प्रतीक श्रीवास्तव, परमानंद मिश्र, गन्ना चेयर मैन दीपेन्द्र सिंह, कांशीराम रावत, लक्ष्मण वर्मा, सूरज सोनकर, विशाल सिंह बाबा, रवि शर्मा, प्रतिमा शुक्ला, बालकृष्ण वैश्य, शशि प्रताप सिंह, वरूण चौधरी, अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव पर आयोजित की गई शैक्षिक गोष्ठी

## तालीम और ईमान की बुनियाद पर हम देश की तरक्की में योगदान दे सकते है

तेजयुग न्यूज़

**मिल्कीपुर-अयोध्या :** मिल्कीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिहारन में संचालित अहद पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर शैक्षिक उन्नयन गोष्टी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिले मुख्यालय स्थित एक निजी हॉस्पिटल के संचालक चिकित्सक डॉ मेराज खान ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि तालीम से ही तरक्की का रास्ता खुलता है।



तालीम और ईमान की बुनियाद पर हम देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सपा जिला महासचिव बख्तियार खान ने कहा कि सभी को हमेशा ऊंचा सपना देखना चाहिए अगर कोई बच्चा आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर और डॉक्टर बनने का लक्ष्य बनाकर मेहनत से पढ़ाई करता है तो उसे सफलता जरूर मिलती है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिले के मशहूर चिकित्सक डॉ सैफ ने कहा कि मॉडर्नाइजेशन की अंधी दौड़ में हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी संजोकर रखने की जरूरत है। मोबाइल का उपयोग सकारात्मक उद्देश्यों के लिए होना चाहिए। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के पूर्व सदस्य डॉ मोहम्मद मेराज खान एडवोकेट ने कहा कि शिक्षा अब हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। शिक्षा से एक आदर्श नागरिक का निर्माण होता है जिससे देश और समाज का मानव संसाधन विकसित होता है।

अध्यक्षता अहद पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नौशाद खान ने किया तथा संचालन शिक्षक नेता मो वसीम खान ने किया। गोष्ठी के अंत में हुए पुरस्कार वितरण समारोह में मोहम्मद रेहान को सर्वश्रेष्ठ छात्र, तैयबा खातून को सर्वश्रेष्ठ छात्रा, प्राथमिक स्तर पर फरनाम बानो तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर तरन्नुम बानो को सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार एवं अध्यापकों में रुकैया बानो व नगमा बानो को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका का पुरस्कार अतिथियों ने प्रदान किया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष अजीत मौर्य, सैय्यद जफर खान, मोहम्मद फारुक खान, पूर्व प्रधान राजकुमार यादव, एडवोकेट तनवीर हुसैन, दिलशाद खान, आफताब खान रूमी, मो यूसुफ खान, कर्मराज रावत, महताब खान, शहजाद खान, राजेंद्र शर्मा, डॉ असगर खान, मो कलीम खान, यूनुस अंसारी, मो इसराइल, डॉ आमिर, तौसीफ खान, मो अफजाल, मो अनवर, जाहिद हुसैन कल्लू, तसलीम खान समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

## अव्यवस्थाओं एवं शिकायतों को लेकर केंद्र अधीक्षक को लगाई फटकार

तेजयुग न्यूज़

**बसखारी अंबेडकर नगर।** रविवार को सीएमओ डॉ राजकुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी का औचक निरीक्षण करने पहुंच गये। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की शिकायत एवं स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला देखकर सीएमओ ने केंद्र अधीक्षक को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री आरोग्य मेले, महिला विंग,प्रसव कक्ष का निरीक्षण करने के दौरान सीएमओ को कई कमियां नजर आई। निरीक्षण के दौरान प्रसूताओ की डिलीवरी स्टाफ नर्स से कराए जाने एवं प्रसूताओं एवं उनके परिजनों के द्वारा प्रसूताओं दिये जाने वाले भोजन को घटिया एवं डिलीवर बताए जाने पर उन्होंने अधीक्षक डा केसी यादव को जमकर फटकार लगाई और तत्काल प्रसव कक्ष के लिए एक महिला डॉक्टर की तैनाती का निर्देश दिया।

हालांकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पर डॉक्टर पौनमी देव व डॉ रजनी सचान तथा संविदा पर डा अंजुम आरा की तैनाती है। बावजूद इसके प्रसुताओं की जान को जोखिम में डालकर स्टाफ नर्सो के द्वारा प्रसव कराए जाने की अक्सर ही शिकायतें मिलती रहती है। वहीं गार्ड के रूप में बृजेश, अवधेश व कृष्ण कुमार तथा वार्ड आया के रूप में शर्मिला, वार्ड बॉय दुर्गा प्रसाद तथा रीना के द्वारा 9 महीने से भुगतान न मिलने पर की गई शिकायत पर सीएमओ ने संविदा पर रखने वाली कंपनी गोयल टेक्नो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड से बात कर शीघ्र ही वेतन भुगतान कराए जाने का आश्वसन दिया। कई महीने से वेतन न मिलने के कारण संविदा कर्मियों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है।

